सतना | बुधवार | 9 सितंबर 2026 | वर्ष 28 | अंक 009 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navbharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


2 मध्यावधि में ट्रंप पर गहराया संकट


4 फिर दुस्साहस कर सकता है पाकिस्तान


9 विकसित भारत को रफ्तार जरूरी


10 इशान किशन के 270 रन से ईस्ट ने बनाया 708 का विशाल स्कोर

# ग्रामीणों ने 1 साल पहले जगाया, अफसर सोते रहे

## बंडा से लगी 25 पंचायतों ने शराब बंदी लागू कर अवैध शराब विक्रय पर रोक लगाने सौंपे थे ज्ञापन

**जहरीली शराब कांड**

**30** हुई मृतकों की संख्या

**अविनाश जैन**

**सागर, 8 सितंबर. जिले की बंडा जनपद पंचायत क्षेत्र की 25 पंचायतों ने एक वर्ष पूर्व शराब बंदी लागू कर स्थानीय पुलिस और प्रशासन को पत्र ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब विक्रय पर पूर्णत: रोक लगाने की मांग उठाई थी.**

मगर प्रशासन ने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियो की मांग को तवज्जो नहीं दी. जिसका खामियाजा ज्ञापन सौपने वाले आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगो को उठाना पड़ा और तीस से अधिक परिवार जहरीली शराब के चलते उजड़ गए. इधर मंगलवार को मौतों का आंकड़ा बढ़कर 30 पर पहुंच गया. तीसरे दिन जिन दो लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है, उनमें छापरी के अरविंद विश्वकर्मा और एक अन्य अवैध शराब विक्रय करने का आरोपी शमिल है.



### गांवों में लगी पाबंदी बेअसर रही, बेधड़क बिकती रही अवैध शराब


मालूम हो कि पिछले साल अवैध शराब विक्रय के विरोध स्वरूप शराब बंदी लागू कर सरपंचों ने बीड़ा उठाया और रोक लगाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे गए. ज्ञापन सौंपने वाली पंचायतों में हनौता सहावन, हनौता पटकुई, बरा, बिलौनी, नौराज, राख, बमाना, बिचपुरी बरखेरा, सलैया, रमपुरा, कुल्ल, जमुनिया शामिल हैं. ग्राम सभा के माध्यम से पंचों ने प्रस्ताव पारित कर शराब बंदी लागू करते हुए अवैध शराब विक्रय पर रोक लगाए जाने की मांग उठाई थी. साथ ही अवैध शराब का विक्रय करते पाये जाने पर अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय लिया गया था. ज्ञापन सौंपने वाली पंचायतों में आधा दर्जन से अधिक पंचायत में अवैध शराब विक्रय का कारोबार चलता रहा और तीस परिवार उजड़ गए.

### जिम्मेदारों को हटाकर की इति

इस मामले में आबकारी अधिकारियों के निलंबन के बाद सरकार ने सोमवार को एसडीएम और एसडीओपी हटा दिया है. हालांकि इस कार्रवाई को लेकर विपक्ष का कहना है कि ब्लॉक स्तर पर यही दो अफसर कानून व्यवस्था के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होते हैं. इसके बावजूद सरकार ने उन्हें सिर्फ हटाने की दिखावटी कार्रवाई की है. आदेश के अनुसार एसडीएम आरती यादव को सागर जिला मुख्यालय और एसडीओपी प्रदीप बाल्मीकी को पुलिस मुख्यालय भोपाल अटैच किया गया है. रोहित लखारे को पीएचक्यू से बंडा एसडीओपी पदस्थ किया गया है.

### शराब बंदी ने बचा लिया हनौता गांव

जहरीली शराब का दंस झेल रहे बमूराभेडा गांव से पहले हनौता पटकुई गांव में पिछले एक वर्ष से शराब बंदी लागू है. गांव के रामलाल ने बताया कि गांव में शराब के विक्रय और सेवन पर ग्रामवासियों ने एकजुट रोक लगाई है. गांव में कोई भी शराब विक्रय नहीं कर सकता. जिसके फलस्वरूप ही आज हम सुरक्षित है. अवैध शराब विक्रय पर अर्थदंड से दंडित किये जाने का निर्णय लिया गया था.



डॉ. कुरियन को उनकी 14 वीं पुण्यतिथि पर नमन!

# अनिल अंबानी के 17 अफसरों पर आरोप तय

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 9 सितबंर. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के रिलायंस एडीए ग्रुप से जुड़े 6,229.54 करोड़ के रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड घोटाले में पहली पूरक चार्जशीट दाखिल की है. इसमें ग्रुप के तीन अधिकारियों समेत कुल 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है.**

यह चार्जशीट मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत में पेश की गई. आरोपी बनाए गए तीन प्रमुख अधिकारियों में रिलायंस एडीए ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर अमिताभ झुनझुनवाला, आरसीएल के सीएफओ अमित बाप्ना, और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के कंपनी सचिव रमेश शेणॉय शामिल हैं. इसके अलावा आठ कंपनियों- रिलायंस पावर लिमिटेड, बिग फ्लिक्स प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, कुंजबिहारी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम भी चार्जशीट में दर्ज किए गए हैं.

### आपराधिक साजिश का आरोप

बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक से जुड़े छह बैंक अधिकारियों को भी रिलायंस एडीए ग्रुप के साथ मिलीभगत करने के आरोप में आरोपी बनाया गया है.

### एक नजर में

#### ब्रिक्स से ठीक पहले मोदी से मिलेंगे पुतिन

**नई दिल्ली.** दिल्ली में 12-13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से ठीक पहले शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता होगी. क्रेमलिन के प्रवक्तापेसकोव ने बैठक की पुष्टि करते हुए कहा कि मॉस्को, भारत के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है. पेसकोव ने बताया कि भारत और रूस के बीच ज्यादातर व्यापारिक भुगतान अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में ही किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सुरक्षा, स्पेस, ऊर्जा, परिवहन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं.

#### अमेरिकी प्रतिबंधों से क्यूबा को भारी नुकसान

**क्यूबा.** क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने कहा है कि अमेरिका के बढ़ाए गए व्यापार प्रतिबंधों के कारण मार्च 2025 से फरवरी 2026 के बीच क्यूबा को 8.083 अरब डॉलर का रिकॉर्ड आर्थिक नुकसान हुआ. यह नुकसान पिछले साल की तुलना में करीब 7 प्रतिशत अधिक है. रोड्रिगेज ने अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना करते हुए कहा कि इसका असर क्यूबा के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी के लगभग हर हिस्से पर पड़ रहा है. क्यूबा छह दशक से अमेरिकी व्यापार प्रतिबंधों का सामना कर रहा है.

# रेल नक्शे पर आया धार

## आजादी के 79 वर्ष बाद मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचल में खुशी की ट्रेन

**नवभारत न्यूज़**

**धार, 8 सितंबर. वर्षों की जद्दोजहद और संघर्ष के बाद मंगलवार का दिन आदिवासी अंचल के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही वडोदरा से बटन दबाया, धार जिले के टांडा रोड स्टेशन से रेल दौड़ पड़ी. वहीं केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई.**

आजादी के बाद पहली बार आदिवासी अंचल में ट्रेन देख जन समुदाय हर्ष से उछल पड़ा. गंधवानी क्षेत्र के टांडा रोड रेलवे स्टेशन से वडोदरा (प्रतापनगर) के लिए मेमू ट्रेन सेवा का नियमित शुभारंभ भी इसी के साथ हो गया. एक भव्य समारोह में टांडा रोड स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने 12 कोच वाली मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. लोकार्पण समारोह की वंदे मातरम् से शुरुआत की गई. प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल उद्घाटन करते ही रेल सेवा से आदिवासी अंचल की गुजरात से सीधे कनेक्टिविटी हो गई. इससे स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे. कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान, विधायक नीना विक्रम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार मेडा, जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण कार्यक्रम में मौजूद रहे.

### प्रधानमंत्री मोदी ने दबाया बटन, केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने दिखाई झंडी




#### आलीराजपुर के डेकाकुंड स्टेशन का भी शुभारंभ

उधर, अलीराजपुर के डेकाकुंड रेलवे स्टेशन का भी वर्चुअल शुभारंभ किया गया. क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी शुरू होने से न सिर्फ लोगों का आवागमन सुगम होगा बल्कि व्यापार रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को भी बढ़ावा मिलेगा. साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को विकास में गति देने के लिए यह मील का पत्थर साबित होगी.

### चौकीदार चोर टिप्पणी राहुल को झटका

**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में झटका दिया है. कोर्ट ने उनकी वह याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ता महेश श्रीमाल की तरफ से दाखिल मानहानि केस की कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी. जिसे कोर्ट ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया.


याचिका खारिज

# अर्बन इंफ्रा में बड़े निवेश की उम्मीद

## यूएई के निवेशकों से सीएम की वन-टू-वन मीटिंग

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 सितंबर. मप्र में आने वाले दिनों में यूएई से अर्बन इंफ्रा, लॉजिस्टिक, स्किल डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में बड़ा निवेश आ सकता है. विशेष रूप से इटारसी के पास पोवारखेड़ा में मध्य भारत के बड़े लॉजिस्कि हब के रूप में विकसित हो रहे क्षेत्र पर यूएई के निवेशकों की नजर है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के दौरान अलग- अलग क्षेत्रों में निवेशकों ने मप्र में निवेश के लिए दिलचस्पी दिखाई है, जिसके परिणाम आने वाले दिनों में देखने मिलेंगे.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुबई में आयोजित एआईएम कांग्रेस-202 के तीसरे दिन 8 सितंबर को यूएई के प्रमुख निवेशकों और उद्यमियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों को अगले वर्ष होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट -2027 का निमंत्रण भी दिया.



### उद्यमशीलता को सरकार कर रही है प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चर्चा के दौरान क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर बद्र जाफर को प्रदेश के प्रमुख उत्पादन क्लस्टर्स के लिए वेयर हाऊसिंग, लॉजिस्टिक्स आदि के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से अवगत कराया. जाफर ने शहरी अधोसंरचना विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, संसाधनों के प्रभावी उपयोग, तकनीक हस्तांतरण के क्षेत्र में दीर्घ अवधि निवेश के संबंध में रूचि प्रकट की.

#### पोवारखेड़ा अंतरदेशीय लॉजिस्टिक्स के प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में होगा विकसित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डीपी वर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिजवान सूमार के साथ चर्चा में लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन सहित कई विषयों पर बातचीत की. उल्लेखनीय है कि डीपी वर्ल्ड की इकाईयां मध्यप्रदेश में पहले से ही संचालित है तथा वह प्रदेश में गतिविधियों के विस्तार का इच्छुक है. कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सूमार ने बताया कि डीपी वर्ल्ड कंपनी एंड-टू-एंड सप्लाई चेन और व्यापार समाधानों की एकीकृत वैश्विक प्रदाता है. यह दुबई सरकार की 100 फीसदी स्वामित्व वाली कंपनी है. कंपनी भारत सहित 80 देशों में काम कर रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पोवारखेड़ा लॉजिस्टिक्स कंपोजिट हब को अंतरदेशीय लॉजिस्टिक्स के प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने की संभावना है.



### कार्यक्रम की सीटें फुल, 42 हजार वेटिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वडोदरा के दौरे से पहले पहली बार लोगों को बुक माई शो प्लेटफॉर्म के जरिए मुफ्त रजिस्ट्रेशन का मौका दिया गया. वडोदरा नगर निगम ने कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन संभालने में इस निजी टिकटिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया. कार्यक्रम 2047 तक विकसित भारत के सरकार के विजन पर केंद्रित होगा. रजिस्ट्रेशन के एक घंटे के भीतर सभी सीटें बुक हो गई. 42,000 से ज्यादा को वेटिंग लिस्ट में रखा गया.

पीएम मोदी का बुक माई शो पर पहला इवेंट

# विकसित भारत में कनेक्टिविटी सुगम और रफ्तार तेज होना जरुरी : मोदी

## वडोदरा में 35 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

**वडोदरा, 8 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा में 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया. मोदी ने महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया.**

उन्होंने कहा कि इस वर्ष लाल किले से मैंने विकसित भारत के लिए संकल्प की सप्तधारा का आह्वान किया है. इस सप्तधारा में एक धारा गतिशक्ति की भी है. विकसित भारत के लिए हमें ऐसी कनेक्टिविटी चाहिए, जो सुगम भी हो और जमाने के हिसाब से जरा तेज भी हो.

### हमने 50,000 रेल कोच बनाए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने 50,000 आधुनिक रेल कोच बनाए, जबकि पिछली सरकार 10 साल में 50,000 शौचालय भी नहीं बना सकी.

### मुंबई में दो संदिग्ध गिरफ्तार

मुंबई में पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इनमें से एक के पास बंदूक और फर्जी प्रधानमंत्री कार्यालय का पहचान पत्र मिलने की बात सामने आई है.

### गुस्ताखी माफ




**कार्रवाई** | सत्य निकेतन हादसे के बाद सरकार ने उठाया सख्त एक्शन

# दिल्ली में इमारतों की 5वीं मंजिल होगी सील

**नई दिल्ली, 8 सितंबर. सत्य निकेतन हादसे के बाद दिल्ली सरकार ने राजधानी में भवनों की पांचवीं मंजिल पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है.**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को ऐसे भवनों की पांचवीं मंजिल को तत्काल सील करने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही पीजी, स्कूल, नर्सिंग होम और अन्य सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों के लिए नई सुरक्षा नीति तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. प्रस्तावित नीति में ऐसे भवनों का समय-समय पर संरचनात्मक आडिट और भवन सुरक्षा प्रमाणन अनिवार्य किए जाने की तैयारी है. मुख्यमंत्री सोमवार को लगातार दूसरे दिन सत्य निकेतन पहुंचीं और हादसे के बाद चल रहे राहत-बचाव कार्यों तथा सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों से घटनास्थल की स्थिति और अब तक की कार्रवाई की जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं.



### सुनवाई से किया इनकार

दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी की इमारत गिरने से सात लोगों की मौत के मामले में दायर एक याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया. याचिका में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को अपने सभी कॉलेजों के लिए हॉस्टल बनाने का निर्देश देने की मांग की गई थी. अदालत ने कहा कि इस मामले में अंतरिम आदेश जारी किया जा चुका है.

# भारतीय स्टार्टअप को यूएस ने अपनाया

**स्पेसटेक गैलेक्सआई को अमेरिकी पेटेंट मिला**

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 8 सितंबर. भारतीय स्पेसटेक स्टार्टअप गैलेक्सआई ने बताया कि उसे अपने ऑप्टोएसएआर इमेजिंग सिस्टम की मुख्य तकनीक के लिए अमेरिकी पेटेंट मिला है. यह सिस्टम ऑप्टिकल और सिंथेटिक एपर्चर रडार सेंसर को एक साथ जोड़कर पृथ्वी की सतह से जुड़े डेटा को बेहतर तरीके से कैप्चर करता है.**

पेटेंट उस आर्किटेक्चर और सिस्टम को कवर करता है, जिसका इस्तेमाल ऑप्टिकल और माइक्रोवेव सेंसर को सिंक्रोनाइज करने के लिए किया जाता है.

इससे दोनों सेंसर एक ही समय पर और एक-दूसरे से स्थान और समय के हिसाब से मेल खाते हुए डेटा जुटा सकते हैं. पेटेंट भारत में पहले ही मिल चुका है. अमेरिका में पेटेंट मिलने से कंपनी की बौद्धिक संपदा स्थिति और मजबूत हुई है. कंपनी अगले पांच वर्षों में 30 सैटेलाइट की नियोजित नक्षत्र तैयार करने की दिशा में काम कर रही है. उसके पास भारत और विदेशों में ग्राहकों से जुड़ी व्यावसायिक संभावनाएं बढ़ रही हैं.

### पृथ्वी अवलोकन में पुरानी चुनौती का समाधान

पृथ्वी अवलोकन के क्षेत्र में ऑप्टिकल और एसएआर सेंसर आमतौर पर अलग काम करते हैं या बाद में प्रोसेसिंग के बाद के जरिए उनके डेटा को जोड़ा जाता है. अलग-अलग समय, देखने का दृष्टिकोण या अलग प्लेटफॉर्म से डेटा लेने पर समय का अंतर और स्थान से जुड़ा मिसमैच पैदा हो सकता है. इससे ऑप्टिकल इमेजिंग की तस्वीर को एसएआर की दिन-रात और हर मौसम में काम करने की क्षमता के साथ जोड़ा जा सकता है.

### अमेरिकी समेत 7 विदेशियों से युएपीए धारा हटाई

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने और उग्रवादी संगठनों से जुड़े प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के आरोपों से जुड़े मामले में एक अमेरिकी नागरिक समेत सात विदेशियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है.

हालांकि, चार्जशीट में आरोपियों के खिलाफ लगाई गई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी युएपीए की धारा 18 को हटा दिया गया है. फिलहाल आरोपियों के खिलाफ इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025 की धारा 21 और 23 के तहत आरोप रखे गए हैं.